सार-समाचार

रेल मंत्री ने जीएम और डीआरएम को प्रदान की बेस्ट रनिंग रूम शील्ड

अजमेर,(कासं)। दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर, द्वारका में आयोजित अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2025 कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे अमिताभ तथा मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से उत्तर पश्चिम रेलवे अजमेर मण्डल के आबूरोड स्थित रनिंग रूम की बेस्ट रनिंग रूम शील्ड प्राप्त की। माननीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने उत्तर पश्चिम रेलवे के 05 रेल कर्मियों मेघा गोदारा देव, उप प्रमुख कार्मिक अधिकारी, मोनिका यादव ,मंडल वाणिज्य प्रबंधक अजमेर मंडल, मुबारक हुसैन मंसूरी ,लोको पायलट (मेल/एक्सप्रेस) अजमेर मंडल एवं शिवलाल जयसिंह पुरोहित ,सीनियर सेक्शन इंजीनियर/यांत्रिक, श्री ओंकार कांस्टेबल, को उत्कृष्ट कार्य के लिए विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किया । रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने महाप्रबंधक उत्तर पश्चिम रेलवे और मंडल रेल प्रबंधक राजू भूतड़ा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

गरीब बेटियों के विवाह के लिये आर्थिक सहयोग किया

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। कन्या विवाह योजना ग्रुप की और से आसींद (भीलवाड़ा) से आई दो बालिकाओं के विवाह के लिये आर्थिक सहयोग किया। इससे पहले भी कई गरीब कन्याओ के विवाह में योगदान दिया जाता रहा है। उमा अग्रवाल ने बताया कि ग्रुप गरीब बेटियों के विवाह में साड़ियां, बर्तन, मेकअप सामान, पर्स, बेडशीट सहित घरेलू सामान देने में सदैव तत्पर रहता है। बबीता संचेती ने कहा विवाह में सहयोग देने के लिए कुछ नगद भी दिया जाता है, ताकि वह जरूरत का अन्य सामान खरीद सके। इस अवसर पर बबीता संचेती, उमा अग्रवाल, मोहिनी हासानी, कांता जामड, मंजू अग्रवाल, इंदू अग्रवाल, हेमा शर्मा आदि मौजूद रही।

11 जनवरी को होगा विशाल नेत्र जांच शिविर

मेड़ता सिटी,(निसं)। स्व शांति देवी धर्मपत्नी स्व रामनारायण तोलंबिया की पुण्य स्मृति में मीरा लेब एंड डिजिटल एक्सरे के तत्वाधान में मीरा लेब एंड डिजिटल एक्सरे संयुक्त तत्वाधान में रविवार 11 जनवरी को विशाल नेत्र चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें आंखों के लेस प्रत्यारोपण के साथ परामर्श दिया जाएगा। जिसको लेकर शनिवार को किशन देव महाराज छतरीदाम में मीटिंग का आयोजन किया गया मीटिंग पश्चात नेत्र जांच शिविर का बहुरंगी पोस्टर का विमोचन किया गया। शिविर आयोजनकर्ता भगवती लाल टेलर ने बताया कि 11 जनवरी रविवार को विशाल निशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर का किशनदेव महाराज की छत्रीधाम दादू आश्रम,बेवचा रोड़, मेड़ता में आयोजित किया जायेगा । शिविर आयोजनकर्ता भगवती लाल टेलर ने बताया कि गुरु हस्ती विहार व दादो सा परिवार के नेतृत्व में 11 जनवरी रविवार को छतरी धाम किशन देव महाराज के आश्रम में विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा ।

सरवाड़ उपखंड अधिकारी सुभाष चन्द्र हेमानी को सौंपा ज्ञापन

सरवाड़,(निसं)। केकड़ी पुलिस दीवान राजेश मीणा द्वारा गुर्जर समाज के निर्दोष व्यक्ति के साथ गंभीर किस्म की मारपीट करने सर्विस रिवाल्वर का दुरुपयोग कर युवक पर तानकर आतंक कायम करने की कोशिश की गई वहीं इस दौरान ज्ञापन में बताया गया कि गुर्जर समाज का युवक ओमप्रकाश गुर्जर पुत्र मेगाराम गुर्जर निवासी सापन्दा अपने परिजन को दिखाने आया था वही रात्रि 12:30 बजे केकड़ी जिला अस्पताल के सामने होटल पर दीवान राजेश मीणा जो की वर्दी में था उसके साथ दो-तीन व्यक्ति और थे एवं सिविल ड्रेस में आये तथा आते ही हमारे साथ हॉकी एवं लकड़ी से मारपीट की गई वे वहां से जान बचाकर भागने लगे तो उन्होंने इन्हें पकड़ लिया तथा उनकी कार न.,48-.1540 में तोड़फोड़ की गई इसके पश्चात इन व्यक्तियों को केकड़ी सिटी पुलिस थाने में लेकर आ गये तथा राजेश मीणा व अन्य दोनों उनके साथ आए लोगों ने उनके साथ बुरी तरह से मारपीट की गई तथा सर्विस रिवाल्वर तानकर जान से मारने की धमकी दी गई वहीं राजेश दीवान उस समय शराब के नशे में धुत्त था तथा उक्त व्यक्तियों ने गुर्जर समाज के व्यक्तियों के साथ बिना कारण बिना किसी अपराध के मारपीट की गई ।

आचार्य महाश्रमण के दर्शनार्थ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। जैन श्वेताम्बर तेरापंथ धर्मसंघ के महातपस्वी आचार्य महाश्रमण के दर्शनार्थ आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। आचार्य के किशनगढ़ में प्रविष्ट होते ही सड़क के दोनों तरफ कतारों में खड़े हजारों धर्मानुरागियो ने मंगलमय आशीर्वाद लिया। शोभायात्रा में सभी जाति धर्म सम्प्रदाय की नर नारिया शामिल हुई। मुख्य मार्गो पर विभिन्न समाज संगठनो सहित आर के मार्बल ग्रुप चैयरमैन अशोक पाटनी ने आशीर्वाद लिया। आर के कम्युनिटी सेंटर में आयोज्य मंगल प्रवचन के दौरान आचार्य महाश्रवण ने कहा कि इस सृष्टि में नित्यतता व अनित्यतता दोनों ही स्थितियां होती हैं। दुनिया में कुछ चीजें ऐसी होती हैं, जो स्थाई भी होती है उनमें एक है आत्मा, आत्मा को कोई मार नहीं सकता, काट नहीं सकता, उसे जलाया भी नहीं जा सकता है। वहीं जीवन को देख लें और इस शरीर को ही देखा जाए तो यह अनित्य है। जन्म-मृत्यु का चक्र चलता रहता है। आत्मा बार-बार जन्म लेकर मृत्यु को प्राप्त होती है।

आचार्य के किशनगढ़ में प्रविष्ट होते ही सड़क के दोनों तरफ कतारों में खड़े हजारों धर्मानुरागियो ने मंगलमय आशीर्वाद लिया।

आत्मा को विशुद्ध बनाने के लिए जीवन जीना चाहिए। चेतना को निर्मल बनाकर अपनी आत्मा को मोक्ष तक पहुंचा देना बहुत बड़ा कार्य होता है। धर्म की साधना का सबसे बड़ा लक्ष्य यही होता है कि अपनी आत्मा को पूर्वकृत कर्मों से मुक्त बना लेना और मोक्षश्री का वरण कर लेना। तप, त्याग, ध्यान, स्वाध्याय, सेवा, साधना-ये सारे उपायों के मूल में आत्मा को कर्म से मुक्त बनाना होता है। मनुष्य का जीवन एक दिन समाप्त हो सकता है, इसलिए आदमी को अपने जीवन को अच्छा बनाने का प्रयास करना चाहिए। कोई भी कार्य करे ईमानदारी से करने का प्रयास करना चाहिए। जीवन में ईमानदारी होगी तो आत्मा निर्मल बन सकती है। उन्होंने कहा किशनगढ़ की जनता में ईमानदारी, अहिंसा, नैतिकता व नशामुक्ति की चेतना बनी रहे, यही कामना करते है। साध्वी प्रमुखा ने किशनगढ़वासियों को अभिप्रेरित किया। तेरापंथी सभा अध्यक्ष पन्नालाल छाजेड़, तेरापंथ युवक परिषद अध्यक्ष रौनक घोड़ावत ने आचार्य के स्वागत में अपनी भावाभिव्यक्ति दी। तेरापंथ महिला मण्डल ने स्वागत गीत का संगान किया। ज्ञानशाला के ज्ञानार्थियों ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इस दौरान केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री भागीरथ चौधरी व पूर्व विधायक सुरेश टाक ने अपनी श्रद्धाभिव्यक्ति देते हुए मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया।

मीना समाज क्रिकेट महाकुम्भ में मीना हेटर्स रहीं विजेता

अजमेर,(कासं)। मीना समाज क्रिकेट महाकुम्भ का आयोजन अजमेर के लोको मैदान में 7 से 9 जनवरी तक आयोजित की गई। क्रिकेट प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया था तीन तीन टीम के चार ग्रुप बनाये थे इनमे से चार टीम हर ग्रुप से एक टीम रन रेट के हिसाब से 4 टीम सेमीफाइनल में पहुँची। पहला सेमीफाइनल पिंकसिटी पैंथर ने मीना मेडिकोज के बीच खेला गया जिसमें पिंक सिटी पैंथर को हरा के मीणा मेडिकोज फाइनल में पहुँची दूसरा सेमीफाइनल मीणा हेटर्स ने मीणा किंग्स इलेवन के बीच खेला गया जिसमे मीणा हेटर्स फाइनल में पहुँची। फाइनल मुकाबला में मीणा मेडिकोज ने मीणा हेटर्स के बीच खेला गया था जिसमें मीना मेडिकोज ने 80 रन का टारगेट दिया था।

NAME CHANGE

I Sunayani Dey spouse of Army No. 14833733W, Hav, Surjakanta Das Residing of Vill:- Hatpilkhundi, Po:- Talibpur, Tehsil:- Kandi, District- Murshidabad, W.B, Pin-742402 have change my name from Sunayani Dey to Sunayani Das vide affidavit No. CA836909 dated 09/01/2026 before court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Kalkanti Devi Mother of Army No. 14840689A, Hav, Liladhar Residing of Vill & Po:-Devipura, Tehsil:- Rajgarh, District- Churu, Rajasthan, Pin-331023 have change my name from Kalkanti Devi to Kalavati vide affidavit No. CA836913 dated 09/01/2026 before court campus Nasirabad

भगवतदयाल सिंह को पत्रकार श्री की मानद उपाधि

ब्यावर (निसं) साहित्य मंडल श्रीनाथद्वारा की ओर से आयोजित श्री भगवतीप्रसाद देवपुरा स्मृति एवं राष्ट्रीय बाल साहित्य समारोह में भगवतदयालसिंह को पत्रकारश्री की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया। समारोह में देश के विभिन्न प्रांतों से आए लेखक और साहित्यकार शामिल हुए। सम्मान समारोह में अध्यक्ष मदनमोहन शर्मा और प्रधानमंत्री श्यामप्रकाश देवपुरा के सानिध्य में साहित्यकारों ने भगवतदयालसिंह को उपाधि पत्र प्रदान कर, शॉल ओढ़ाकर और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर साहित्य के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चयनित साहित्यकारों को उपाधियों से भी अलंकृत किया गया।

जेएलएन अस्पताल में बनाया अस्थाई रैनबसेरा

- जरुरतमंदों को मिलेगी शीत लहर से राहत,
- पीडियाट्रिक ब्लॉक के पास संचालित मल्टी स्टोरी पार्किंग की दूसरी मंजिल को अस्थायी रैन बसेरा बनाया गया है

अजमेर,(कासं)। कड़ाके की सर्दी और शीतलहर के चलते जेएलएन अस्पताल आने वाले मरीजों के परिजनों और जरूरतमंद लोगों के लिए राहत की व्यवस्था की गई है। पीडियाट्रिक ब्लॉक के पास संचालित मल्टी स्टोरी पार्किंग की दूसरी मंजिल को अस्थायी रैन बसेरा बनाया गया है। यहां एक साथ करीब दो सौ लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है। अस्पताल में भर्ती मरीज के साथ आए परिजन रात के वक्त खुले में सोने की बजाए अस्थाई रैन बरेसे में सो सकेंगे।

अस्पताल अधीक्षक डॉ. अरविन्द खरे के अनुसार नगर निगम प्रशासन की ओर से पार्किंग की दूसरी मंजिल पर अस्थायी रैन बसेरे की व्यवस्था की गई है। दूसरी मंजिल पर आधी दीवारें बनी होने के कारण ऊपर की तरफ कनात लगाकर पूरे हिस्से को कवर किया गया हैए ताकि ठंडी हवा और कोहरे से बचाव हो सके। व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए दो अलग अलग टैंट लगाए गए हैं और दोनों के प्रवेश मार्ग अलग रखे गए हैं। क्षमता के हिसाब से एक टैंट में सौ गद्दे पुरुषों के लिए और दूसरे में सौ गद्दे महिलाओं के लिए लगाए गए हैं। इसी के साथ परिसर में एक वैकल्पिक स्थान भी चिह्नित किया गया है। सेंट्रल लैब के सामने खाली पड़ी जगह, प्याऊ के निकट टीनशेड और चबूतरे वाले हिस्से को चारों तरफ कनात लगाकर कवर किया जाएगा। यहां भी करीब सौ लोगों के ठहरने की व्यवस्था की जा सकेगी। डॉण् खरे ने बताया कि अस्पताल परिसर में एक साथ तीन अलग-अलग स्थानों पर रैन बसेरे जैसी सुविधा उपलब्ध होने से बाहर से आने वाले मरीजों के परिजनों को ठंड के मौसम में राहत मिलेगी।

एडीए द्वारा रेरा कार्यशाला का आयोजन

- कार्यशाला में ए.डी.ए, नगर निगम अजमेर सम्भाग के शहरी निकायो के प्रतिनिधि, बिल्डर्स आर्किटेक्ट एंव आमजन उपस्थित हुए

अजमेर,(कासं)। अजमेर विकात्त प्राधिकरण द्वारा राजस्थान रियल एस्टेट रेगुलेटरी आथोरिटी (रेरा) राजस्थान द्वारा रेरा के डेवलपर्स जागरूकता अनुपालन, शहरी स्थानीय निकाय तथा उबलपर्स की भूमिका विषय पर आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन शुक्रवार को जवाहर रंगमंच में किया गया।

रेरा सदस्य सुधीर कुमार शर्मा ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य रेरा अधिनियम के प्रावधानों, सूचना प्रणाली, अनुपालनो तथा विकास प्राधिकरणो, यू.आई.टी एवं शहरी स्थानीय निकायो की भूमिका को लेकर जागरूकता बढाना है। शर्मा ने बताया कि आवासीय, वाणिज्यिक, औधोगिक मिश्रित उपयोग की परियोजनाये (बिल्डिंग और प्लाटेड़) जिसका क्षेत्रफल 500 वर्गमीटर से अधिक है या 00 से अधिक

जवाहर रंगमंच में कार्यशाला का सफल आयोजन हुआ।

यूनिट है के लिए रेरा पंजीयन अनिवार्य है। रेरा उप रजिस्ट्रार जितेन्द्र त्रिपाठी ने रेरा पंजीयन से प्रमोटर्स एवं क्रेताओ होने वाले लाभों, रेरा एक्ट, पंजीयन प्रक्रिया, शुल्क भुगतान योजनाओं की प्रगति, विस्तार आवश्यक दस्तावेज, उल्लंघन पर शास्ति के प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी ।

कार्यशाला में ए.डी.ए, नगर निगम अजमेर सम्भाग के शहरी निकायो के प्रतिनिधि, बिल्डर्स आर्किटेक्ट एंव आमजन उपस्थित हुए। सुधीर कुमार शर्मा, महेन्द्र चौधरी निदेशक आयोजना एंव जितेन्द्र त्रिपाठी ने उपस्थित सरकारी अधिकारियों एवं आमजन के प्रश्नों का उत्तर दिया तथा रेरा के सम्बन्ध मे लोगो की शंकाओ का समाधान किया।

इस अवसर पर सना सिद्धिकी उपनिदेशक डीएलबी एडीए सचिव, निदेशक आयोजना, एवं सभी उपायुक्तगण उपस्थित रहे।

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की ग्राम चौरसियावास योजना के आवासीय भूखण्ड संख्या 44 क्षेत्रफल 213.33 वर्गगज के अन्तरिति श्री बाबुखाँ पुत्र श्री मोहम्मद खाँ निवासी सिलमगरो का मौहल्ला, मेड़तासिटी, नागौर की मृत्यु दिनांक 26.02.2024 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा (पंजीकृत दिनांक 15.03.2022) सलंग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामें के आधार पर नामान्तरण हेतु श्री जाकिर हुसैन पुत्र स्व. बाबुखाँ निवासी सिलमगरों का मौहल्ला, मेड़तासिटी, नागौर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराये उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामान्तरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

- योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक : 69ए/2025-26/10792 आम सूचना दिनांक-07.01.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद हुसैन, श्री मोहम्मद जफर पुत्र श्री उस्मान गनी निवासी पुलिस स्टेशन के सामने, कसाबान मोहल्ला, बैरवा गली नं. 02 ब्यावर ने हाईड्रोलिया कॉटन प्रेस नोहरा म्यु. नं. 6/71 प्लाट सं. 08(बी) पूर्वी भाग ब्लॉक नं. बी क्षेत्रफल 67.38 वर्ग मीटर का आवासीय पट्टा लेने हेतु 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त को आवासीय पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

- आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक : 69ए/2025-26/10177 आम सूचना दिनांक-15.12.25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सविता पत्नी श्री मुकेश कुमार निवासी 115 रेगराना गोपाल जी मोहल्ला बड़ा बास सूरजपोल कोट गली ब्यावर ने 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत कर नगर परिषद ब्यावर की सीमा में स्थित जायदाद म्यु. नं. 1/479 नया नं. 02 रेगराना सूरजपोल कोट गली मकान नं. 13 ब्यावर क्षेत्रफल 28.75 वर्गमीटर का आवासीय पट्टा लेने बाबत आवेदन किया है। अत: उपरोक्त को आवासीय पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

- आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक : 69ए/2025-26/10788 आम सूचना दिनांक-07.01.26

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद अलताफ, श्री मोहम्मद अफजल पुत्र श्री उस्मान गनी निवासी पुलिस स्टेशन के सामने, कसाबान मोहल्ला, बैरवा गली नं. 02 ब्यावर ने हाईड्रोलिया कॉटन प्रेस नोहरा म्यु. नं.6/71 प्लॉट सं. 08 (ए) पश्चिम भाग प्लॉट नं. 09 (बी) पूर्वी भाग ब्लॉक नं. बी क्षेत्रफल 65.19 वर्ग मीटर का आवासीय पट्टा लेने हेतु 69 ए के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त को आवासीय पट्टा विलेख जारी किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो मय साक्ष्य के 07 दिवस के अन्दर-अन्दर आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा बाद मियाद आपत्ति विचारणीय नहीं होगी।

- आयुक्त नगर परिषद, ब्यावर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 2005 जाहिर आम सूचना दिनांक-09.01.26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2/205,पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 91.50 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री अशोक कुमार पारीक पुत्र श्री रूपनारायण पुरोहित को आवंटित कर दिनांक 11.08.2000 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री अशोक कुमार पारीक द्वारा दिनांक 25.09.2000 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्री अशोक कुमार पारीक की मृत्यु दिनांक 28.02.2019 को हो जाने के कारण मण्डल द्वारा श्रीमती चन्द्रप्रभा पारीक, कु. इशिता पारीक एवं श्री निखिल पारीक के पक्ष में दिनांक 18.11.2022 को मृत्यु पश्चात आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुन: श्रीमती चन्द्रप्रभा पारीक कु. इशिता पारीक एवं श्री निखिल पारीक द्वारा आवास का बैचान श्री हरीश गढ़वाल पुत्र स्व. श्री मोहन लाल गढ़वाल को दिनांक 04.05.2023 को किया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 26.07.2023 को श्री हरीश गढ़वाल पुत्र स्व. श्री मोहन लाल गढ़वाल के पक्ष में नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुन: श्री हरीश गढ़वाल पुत्र स्व. श्री मोहन लाल गढ़वाल द्वारा आवास का बैचान श्रीमती कान्ता लालवानी पुत्री श्री भगवान दास लालवानी पत्नि श्री विजय लालवानी को दिनांक 03.07.2024 को कर दिया गया है। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2251 में पृष्ठ संख्या 123 क्रम संख्या 2024030011105787 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 5998 के पृष्ठ संख्या 311 से 325 पर दिनांक 03.07.2024 को दस्या किया गया है। अब श्रीमती कान्ता लालवानी पुत्री श्री भगवान दास होतवानी पत्नि श्री विजय लालवानी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती कान्ता लालवानी पुत्री श्री भगवान दास होतवानी पत्नि श्री विजय लालवानी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी। -सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड- अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक-2004 जाहिर आम सूचना दिनांक:- 09-01-26

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 23/11, वैशाली नगर, अजमेर क्षेत्रफल 192.150 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्रीमती मोहिनी बाई पत्नि श्री हासानन्द को आवंटित कर दिनांक 06.07.1994 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती मोहिनी बाई पत्नि श्री हासानन्द द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्रीमती मोहिनी बाई पत्नि श्री हासानन्द की मृत्यु दिनांक 30.12.1997 को हो जाने के कारण उनके पुत्र श्री घनश्याम पुत्र स्व. श्री हासानन्द के पक्ष में दिनांक 07.06.1995 को मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री घनश्याम पुत्र स्व. श्री हासान द्वारा आवास का बैचान श्री विजय कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ज्ञानचन्द अग्रवाल व श्रीमती रंजना अग्रवाल पत्नि श्री विजय कुमार अग्रवाल को दिनांक 22.06.2000 को किया गया। श्री विजय कुमार अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 23.04.2019 को हो चुकी है। उक्त आवास में श्री विजय कुमार अग्रवाल के हिस्से का मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण हेतु उनकी पत्नि श्रीमती रंजना अग्रवाल द्वारा आवेदन पत्र-प्रस्तुत किया गया है। श्रीमती रंजना अग्रवाल के पक्ष में उनकी पुत्री कुमारी अग्निमा अग्रवाल पुत्री स्व. श्री विजय कुमार अग्रवाल द्वारा रजिस्टर्ड हकल्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अब, श्रीमती रंजना अग्रवाल पत्नि स्व. श्री विजय कुमार अग्रवाल ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती रंजना अग्रवाल पत्नि स्व. श्री विजय कुमार अग्रवाल का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है।

अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड-अजमेर

कार्यालय नगर परिषद, किशनगढ़, अजमेर(राजस्थान)

क्रमांक-न.पा.कि./प्रा.अ./कृ.भू.नि./2026/5864 लोक सूचना दिनांक-06.01.2026

आवेदकगण 1. डी.बी. एम बिल्डकोन प्राइवेट लिमिटेड जरिये निदेशक श्री श्याम सुन्दर जैन पुत्र श्री कैलाश चन्द जैन निवासी पाना उध्यान, उत्तर पश्चिमी नरेला दिल्ली 2. श्री भरत कुमार शर्मा पुत्र श्री नरेश कुमार शर्मा निवासी इन्द्रा कॉलोनी, एलआईसी ऑफिस के पीछे, मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राज. ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का आवासीय प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात्

तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
अजमेर-अजमेर	जाटली	1065,1066	क्षेत्रफल रकबा 1.2500 हैक्टेयर यानि 12500 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अनिवृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिवृत्ति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो यह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक को जारी की गयी।

-आयुक्त नगर परिषद, किशनगढ़

कार्यालय ग्राम पंचायत लाम्बा पंचायत समिति,अरांई

क्रमांक: ग्रा.प.ब./ई-निविदा/2025-26/133 दिनांक: 07.01.2026

ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना संख्या 07/2025-26

ग्राम पंचायत लाम्बा कार्य का नाम-ग्राम लाम्बा में सार्वजनिक चौक में विश्रान्तिगृह का विस्तारिकरण करने हेतु ई-प्रोक्यूरमेंट पद्धति से निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 05.01.2026 को प्रात: 9.30 बजे से दिनांक 14.01.2026 को सायं 6 बजे तक ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट http://www.rproc.rajasthan.gov.in पर आमंत्रित की जाती है। NIB code ZAJ2526A1635, UBN is: ZAJ2526WSRC01730 and Tender ID 2026_PRD_525543_1 उपरोक्त निविदाएं वेब पोर्टल http:www.sppp.rajasthan.gov.in पर विस्तृत विवरण देखा जा सकता है। निविदाएं निविदा खोलने की दिनांक को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष क्रय समिति द्वारा खोली जायेगी।

प्रशासक, ग्राम पंचायत लाम्बा — ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत लाम्बा

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

लोक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती धनवंती मोरयानी पत्नी श्री टीकमदास मोरयानी एवं श्री प्रदीप तीरथदास पुत्र श्री तीरथदास की ग्राम नौसर के खसरा नम्बर वर्किंग 157 हाल 165 भूखण्ड संख्या 45 व 46 का भाग में क्षेत्रफल 153.00 वर्गगज के भूखण्ड की पत्रावली नियमन हेतु प्रक्रियाधीन है। उक्त नियमन के संबंध में दैनिक समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी कर 7 दिवस की आपत्ति आमंत्रित की जाती है । अत: किसी भी हितबद्धकारी को इस नियमन के संबंध में आपत्ति हो तो आम सूचना के 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा नियमन कार्यवही कर दी जायेगी।

उपायुक्त (उत्तर) अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

LSG/BEAWAR/MUT/168094
DATE :- 03.01.2026 रजि बख्शीश-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/10833 दिनांक-08-01-26

सार्वजनिक सूचना

श्री मुकेश मोदी पुत्र श्री मुकुन्द चन्द मोदी निवासी ब्यावर ने क्षेत्र नं. 5/विनोद नगर मकान नं. 57 क्षेत्रफल 305.00 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री जतन कंवर पत्नी श्री मुकुन्दचन्द मोदी के नाम दर्ज है। रजि बख्शीश-नामा दिनांक 07.10.2024 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया है। अत: इस नाम परिवर्तन के संबंध में किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय प्रमाणित दस्तावेज सात दिवस में आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद मियाद कोई भी आपत्ति विचारणीय नही होगी। - आयुक्त, नगर परिषद ब्यावर

LSG/BEAWAR/MUT/168521
DATE :- 07.01.2026 रजि बेचान-नामा

कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नगरीय विकास कर/2024-25/10835 दिनांक-08-01-26

सार्वजनिक सूचना

श्री विजय प्रकाश पुत्र श्री भंवरलाल सोनी निवासी भीम ने क्षेत्र नं. 3 सूरज कॉलोनी बलाड रोड खसरा नं. 1059 व 1060 प्लाट नं. 08 क्षेत्रफल 206.66 वर्गगज, जो कि नगर परिषद ब्यावर के नगरीय विकास कर रिकॉर्ड में श्री रमेशचन्द पुत्र श्री मनशेखर जी के नाम पट्टा विलेख जारी है। रजि बेचान-नामा दिनांक 02.12.2020, 06.09.2017 व स्वयं घोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरीय विकास कर अनुभाग (गृहकर) पंजिका में नाम अन्तरण के लिए आवेदन किया